**जय प्रकश मंडल, विशेष सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक 18.03.2017 को नगर पंचायत सिमरी बख्तियारपुर में चल रहे योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :—**

## हर घर नल—जल योजनाः—

हर घर नल—जल योजना के समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि उक्त योजना हेतु नगर पंचायत द्वारा कुल —03 वार्डो के 750 हाउस हॉल्ड में नल का जल उपलब्ध कराने हेतु वार्डवार अलग—अलग प्राक्कलन तैयार कर **T.S** के लिए कार्यपालक अभियंता, डूडा सहरसा को एक माह पूर्व उपलब्ध कराया गया है। **T.S** के दौरान उनके द्वारा नक्शा की माँग की गई जो उपलब्ध करा दिया गया है। दूरभाष पर कार्यपालक अभियंता, डूडा सहरसा को निर्देशित किया गया कि उनके पास जो **T.S** और **C.S** हेतु लंबित प्रक्कलन है उनका निष्पादन यथाशीघ्र कर नगर पंचायत, सिमरी बख्तियारपुर को उपलब्ध करायें ताकि नगर पंचायत द्वारा अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

## प्रशासनिक भवनः—

प्रशासनिक भवन निर्माण हेतु कार्यान्वयन एजेंसी डूडा सहरसा है। नगर पंचायत, सिमरी बख्तियारपुर के द्वारा उक्त योजना हेतु 84 लाख रूपया डूडा सहरसा को उपलब्ध कराया गया है, भवन का निर्माण प्रथम तल पूर्ण हो चुका है उसके एवज में डूडा के द्वारा मात्र 11 लाख का उपयोगिता प्रमाण—पत्र नगर पंचायत को उपलब्ध कराया गया है। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता डूडा को निर्देश दिया गया है कि जितनी राशि का कार्य हो चुका है उसका नियमानूसार भुगतान करते हुए उक्त राशि का उपयोगिता नगर पंचायत सिमरी बख्तियारपुर को उपलब्ध कराये ताकि विभाग को U.C तैयार कर भेजा जा सके।

प्रशासनिक भवन निर्माण हेतु मॉडल प्राक्कलन 1 करोड़ 64 लाख का है जिसमें से नगर पंचायत सिमरी बख्तियारपर द्वारा मात्र 84,49,500 रूपये की निकासी की गई है। शेष राशि 79,50,500 रूपये की निकासी नहीं हो पाई है। उक्त हेतु संबंधित कोशषागार से अनिकासी प्रमाण पत्र प्राप्त कर अधियाचना के साथ विभाग से शेष राशि की माँग करने हेतु कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत सिमरी बख्तियारपुर को निदेशित किया गया ताकि शेष राशि विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जा सके और प्रशासनिक भवन का निर्माण पूर्ण हो सके।

## मुख्यमंत्री शहरी नाली—गली पक्कीकरण निश्चय योजनाः—

उक्त योजना के तहत नगर पंचायत, सिमरी बख्तियारपुर के द्वारा कुल—14 योजनाओं की निविदा प्रकाशित की जा चुकी है। ई० टेण्डिरिंग से होने वाली उक्त योजनाओं के निविदा निष्पादन हेतु निर्धारित तिथि निम्न प्रकार हैः—

1. टेंडर कागजात डाउनलोड करने की तिथि 10.03.2017 से 17.03.2017 तक
2. अपलोड करने की तिथि :–18.03.2017
3. तकनीकी बीड खोलने की तिथि :–20ण्03ण्2017
4. वित्तीय बीड खोलने की तिथि 20ण्03ण्2017

उक्त योजनाओं का नाम एवं अन्य विवरणी निम्न प्रकार है :–

1. वार्ड नं०–02 अन्तर्गत ब्लॉक कलॉनी से मसोमात तेतरी देवी के घर होते हुए राज कुमार शर्मा के घर तक पथ सह नाला निर्माण कार्य। प्राक्कलित राशि 1327715
2. वार्ड नं०–03 अनतर्गत महेन्द्र प्रसाद के घर से प्रिंस कोचिंग तक पथ सह नाला निर्माण कार्य प्राक्कलित राशि 1315804
3. वार्ड नं०–04 अन्तर्गत बलराम यादव के घर से सदानन्द साह के घर तक पथ सह नाला निर्माण कार्य। प्राक्कलित राशि 962649
4. वार्ड नं०–05 अन्तर्गतं चंदन पासवान के घर से अशोक सादा के घर होते हुए राजाराम पासवान (शिक्षक) के घर तक पथ सह नाला निर्माण कार्य। प्राक्कलित राशि 1319200
5. वार्ड नं–06 अन्तर्गत कब्रिस्तान के पूर्वी दिवार से जागो पासवान के घर तक पीसीसी कार्य। प्राक्कलित राशि 704495
6. वार्ड नं०–07 अन्तर्गत मदरसा से मो० मोकीम के घर तक पथ सह नाला निर्माण कार्य। प्राक्कलित राशि 846467
7. वार्ड नं०–08 अन्तर्गत आर० ई० ओ० रोड० से सूफी जी के घर तक पथ सह नाला निर्माण कार्य। प्राक्कलित राशि 1378879
8. वार्ड नं०–09 अन्तर्गत नेता जी गली में वार्ड पार्षद चन्द्रमणी के घर से मस्जिद गली होते हुए सरकारी पोखर तक नाला निर्माण कार्य। प्राक्कलित राशि 1282548
9. वार्ड नं०–10 अन्तर्गत संयम देवी के घर से गोपाल केशरी के घर तक पथ सह नाला निर्माण कार्य। प्राक्कलित राशि 647741
10. वार्ड नं०–11 अन्तर्गत पुस्तकालय से रिजवान के घर तक नाला निर्माण कार्य। प्राक्कलित राशि 1282548
11. वार्ड नं०–12 अन्तर्गत बिरेन केशरी बजरंग वस्त्रालय से आंचल श्रृंगार योगेन्द्र साह के घर तक पथ सह नाला निर्माण कार्य। प्राक्कलित राशि 1572058
12. वार्ड नं०–13 अन्तर्गत N.H107 से शरीफ किराना दुकान होते हुए डा० आजमी के घर तक पथ सह नाला निर्माण कार्य। प्राक्कलित राशि 2037453
13. वार्ड नं०–14 अन्तर्गत मो० शाहीद जीमल के घर से मदरसा तक पीसीसी निर्माण कार्य। प्राक्कलित राशि 134629
14. वार्ड नं०–15 अन्तर्गत शम्भु यादव के जमीन से होते हुए नन्दलाल यादव दरवाजे तक पीसीसी निर्माण कार्य। प्राक्कलित राशि 1069491

## चौदहवीं वित्त आयोगः–

चौदहवीं वित्त आयोग मद में वित्तिय वर्ष 2016–17 के दोनों किस्तों की अवशेष राशि से सामग्री क्रय करने हेतु निविदा प्रकाशित कर दी गई। निविदा खोलने की तिथि– 20.03.2017 को है। सामग्री का विवरण निम्नानुसार है।:–

1. फोगिंग मशीन
2- Auto Tipper
3. LED हाईमास्टर
4. LED लाईट 45 वाट
5. प्रीफेबरीकेटेड टायलेट ब्लाक
6. प्रफैबरीकेटेड टायलेट यूरिनल ब्लॉक
7. डस्टबीन
8- BOLERO (MAHINDRA), TATA SUMO VICTA

## स्वच्छ भारत मिशनः–

सर्वे के आधार पर नगर पंचायत सिमरी बख्तियारपुर में कुल 6877 हाउस हॉल्ड है। उक्त में से 5751 परिवार शौचालय विहिन है। इस वित्तिय वर्ष 16–17 का लक्ष्य 2193 निर्धारित है, जिसमें 1546 परिवारों को कार्यादेश विभिन्न तिथियों में उपलब्ध कराया गया है। 1379 लाभुकों को प्रथम किस्त के रूप में प्रति लाभूक 7,500 रू० की दर से राशि R.T.G.S के माध्यम से लाभूकों के खाता में हस्तातरित करा दिया गया है। प्रथम किस्त प्राप्त करने वाले लाभूक जो कि अभी तक शौचालय निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया है वैसे लाभूकों से E.O व्यक्गित रूप से पहल कर शौचालय का निर्माण सुनिश्चित करायेंगे/प्रथम किस्त प्राप्त करने वाले 1379 लाभूकों मे से 203 लाभूको द्वारा शौचालय का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है, उक्त में से 187 लाभूकों को द्वितीय किस्त के रूप में 4500/ प्रति लाभूकों को R.T.G.S के माध्यम से राशि बैंक खाता में हस्तांतरित करा दी गई है। शेष 16 लाभूकों को राशि के अभाव में द्वितीय किस्त की राशि उपलब्ध नहीं कराई जा सकी है।

## सबके लिए आवास (शहरी) योजनाः–

म०ट सिमरी बख्तियारपुर द्वारा जानकारी दी गयी कि विभाग से अनुमोदित सूची जो 1085 लाभूको का है। उक्त सूचि हालांकि नगर पंचायत द्वारा ही विभाग को अनुमोदन हेतु भेजा

गया था और जिसे भारत सरकार के द्वारा अनुमोदित होकर विभाग के माध्यम से कार्यान्वयन हेतु U.L.B को प्राप्त हुआ है। आज की समीक्षा बैठक में **E.O** सिमरी बख्तियारपुर द्वारा जानकारी दी गई कि उक्त सूची के लाभूकों का चयन संबंधित वार्ड पार्षदों के द्वारा दिया गया है। जिसमें काफी अनियमितताँए है। उक्त सूची में कई ऐसे लाभुकों का नाम है जिस के पास पूर्व से पक्का का मकान है। कई ऐसे लाभूक है जो सरकारी सेवा में भी कार्यरत है। E.O सिमरी बख्तियारपुर को निदेश दिया गया कि विभाग द्वारा निर्गत दिशा निर्देश जिसमें यह अंकित है कि ग्ध्ट सत्यापन के उपरांत संतुष्ट होने पर ही सही लाभूकों को कार्यादेश निर्गत करें **E.O** के द्वारा भी जानकारी दी गई कि उक्त आश्य का पत्र विभाग द्वारा उपलब्ध कराया गया है।

20.3.17

(विशेष सचिव)
नगर विकास एवं आवास विभाग

ज्ञापांक– 2113 पटना, दिनांक– 20/3/17

प्रतिलिपि– प्रधान सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग को सूचनार्थ प्रेषित।

20.3.17

विशेष सचिव
नगर विकास एवं आवास विभाग

ज्ञापांक– 2113 पटना, दिनांक– 20/3/17

प्रतिलिपि– कार्यपालका पदाधिकारी, नगर पंचायत सिमरी बख्तियारपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

20.3.17

विशेष सचिव
नगर विकास एवं आवास विभा